दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, सोमवार 08 जुलाई 2019 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-01, अंक-276

# सेना ने तबाह किया उग्रवादी संगठन एनएससीएन (आईएम) का कैंप, हथियारों का जखीरा बरामद, सर्च ऑपरेशन जारी

**नई दिल्ली (आरएनएस)। सेना ने मणिपुर में विद्रोही समूह एनएससीएन (आईएम) के एक अज्ञात ठिकाने को तब ध्वस्त कर दिया जब उसके सदस्य एक गांव के लोगों से वसूली कर रहे थे। उत्तर-पूर्व के सबसे बड़े उग्रवादी समूह एनएससीएन (आईएम) का केंद्र के साथ युद्ध विराम है और उसे अपने सभी शिविरों के स्थानों की सूचना सेना को देनी होती है।**



मणिपुर में भारतीय जवानों ने उग्रवादी संगठन नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नगालैंड (एनएससीएन) आईएम के एक कैंप को पकड़ा है। आर्मी ने कैंप से एक कमांडर को भी हिरासत में लिया है। भारतीय सेना के मुताबिक उग्रवादी अभी भी जंगलों में छुपे हैं। अभी भी गांव में सर्च ऑपरेशन जारी है। सेना को कैंप से भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद बरामद हुए हैं।

जानकारी के मुताबिक भारतीय सुरक्षाबलों को खुफिया जानकारी मिली थी कि केकरू नागा गांव में नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नगालैंड का कैंप चल रहा है। बताया गया था कि यहां पर उग्रवादी अवैध वसूली कर रहे हैं। जानकारी के आधार पर सुरक्षाबलों ने इलाके में उग्रवादियों को पकड़ने के लिए ऑपरेशन शुरू किया। सेना के सर्च ऑपरेशन की जानकारी मिलते ही उग्रवादी वहां से भाग निकले। हालांकि सेना ने एक उग्रवादी को मौके से गिरफ्तार कर लिया। कैंप से भारी मात्रा में हथियार, बारूद और यूनिफॉर्म बरामद किए गए हैं।

आर्मी ने जिस उग्रवादी को गिरफ्तार किया है वह एनएससीएन (आईएम) का ऐक्टिव मेंबर को पकड़ा है। पकड़े जाने से पहले ही उसने अपनी यूनिफॉर्म ठिकाने लगा दी थी और आम लोगों के बीच छुपने की कोशिश कर रहा था। भारतीय सेना मणिपुर पुलिस, खुफिया एजेंसी, स्थानीय प्रशासन और लोगों के साथ मिलकर उग्रवादियों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। खबर है कि उग्रवादी अभी भी आम लोगों के बीच छुपकर रह रहे हैं।

## अब सीसीटीवी कैमरों से लैस होंगे स्कूल

**» केजरीवाल सरकार का बड़ा कदम**


**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को शहर के सभी सरकारी स्कूलों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए एक परियोजना की शुरूआत की और कहा कि यह एक ''ऐतिहासिक मील का पत्थर'' होगा। केजरीवाल ने लाजपत नगर में शहीद हेमू कल्याणी सर्वोदय बाल विद्यालय में परियोजना की शुरूआत करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार के 1000 से अधिक स्कूलों को इस वर्ष नवम्बर तक सीसीटीवी कैमरों से लैस किया जाएगा।



उन्होंने कहा कि निजी स्कूलों को पहले ही सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दे दिये गए हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें ''सख्ती'' से आदेश को क्रियान्वित करने के लिए कहा जाएगा। उन्होंने कहा, ''यह देश और दुनिया में स्कूली शिक्षा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है क्योंकि कक्षा से अभिभावकों के मोबाइल फोन पर एक ऐप के जरिये सीधा प्रसारण किया जाएगा।'' मुख्यमंत्री ने इन चिंताओं को खारिज किया कि सीसीटीवी कैमरे स्कूली बच्चों की निजता का उल्लंघन करेंगे। उन्होंने कहा कि इस पहल से दिल्ली के सरकारी स्कूलों के परिणाम में सुधार करने में मदद मिलेगी। केजरीवाल ने कहा कि सीसीटीवी सरकार की लोगों के प्रति सीधी जिम्मेदारी सुनिश्चित करेगा।

## गुलाबी शहर जयपुर भारत के 38वें स्थल के तौर पर यूनेस्को विश्व हेरिटेज सूची में शामिल

**» भारत को मिली एक और उल्लेखनीय उपलब्धि**



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भारत को आज एक और ऐतिहासिक उपलब्धि मिली जब अजरबैजान के बाकू में आयोजित यूनेस्को विश्व हेरिटेज समिति के 43वें सत्र के दौरान भारत के गुलाबी शहर जयपुर को यूनेस्को की विश्व हेरिटेज सूची में शामिल कर लिया गया। राजस्थान के जयपुर शहर के नामांकन ने 2017 के विभिन्न यूनेस्को दिशा-निर्देशों का सफलतापूर्वक अनुपालन किया। यूनेस्को की इस सूची में जयपुर शहर के सफल नामांकन के साथ ही अब भारत में कुल 38 विश्व विरासत स्थल हैं, जिसमें 30 सांस्कृतिक स्थल, 7 प्राकृतिक स्थल और 1 मिश्रित स्थल शामिल हैं।

भारत के नामांकन की पहल आईसीओएमओएस (सांस्कृतिक स्थलों के लिए विश्व धरोहर (डब्ल्यूएच) केंद्र की सलाहकार संस्था) ने की थी, लेकिन 21 देशों की विश्व विरासत समिति ने इस पर विचार-विमर्श के बाद जयपुर को विश्व विरासत सूची में शामिल करने का फैसला किया।

केंद्रीय संस्कृति मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रहलाद सिंह पटेल ने गुलाबी शहर जयपुर को विश्व विरासत सूची में शामिल करने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए जयपुर के लोगों बधाई दी है। मंत्री महोदय ने जयपुर के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को पहचानने के लिए वैश्विक समुदाय को धन्यवाद भी दिया।

जयपुर शहर दक्षिण एशिया में स्वदेशी नगर योजना और निर्माण में एक अनूठा नगरीय उदाहरण है। इस क्षेत्र के अन्य मध्ययुगीन शहरों की तुलना में जयपुर को योजनाबद्ध तरीके से खुले मैदानों में एक नए शहर के रूप में बसाया गया था। शहद के पहाड़ी इलाकों और अतीत के सैन्य स्थलों को देखते हुए, नगर की सभी दिशाओं से आसपास की पहाडियों तक पहुंच को सुनिश्चित करने की योजना वर्तमान में भी विद्यमान है।

## टीचर से 2 साल तक रेप करने वाला प्रिंसिपल गिरफ्तार

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली के एक स्कूल में शर्मसार करने वाली वारदात हुई है. दिल्ली के जसोला क्षेत्र के एक स्कूल के प्रिंसिपल को टीचर से दुष्कर्म के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार किया है. महिला ने सरिता विहार पुलिस स्टेशन में प्रिंसिपल के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है. महिला ने आरोप लगाया कि पिछले दो सालों से प्रिंसिपल उसका यौन उत्पीड़न कर रहा था. इस दौरान प्रिंसिपल ने उसका कई बार गर्भपात भी करवाया. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है.

जानकारी के अनुसार जसोला गांव में स्थित स्कूल में युवती फरवरी 2017 में जॉब की शुरुआत की थी. महिला ने बताया कि आरोपी ने जून 2017 में उसको अपने दफ्तर में बुला कर कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिला कर पिला दिया और उसके साथ बलात्कार किया. इस दौरान उसने युवती की अश्लील फोटो खींचे और वीडियो भी बनाया. बाद में उसने युवती को धमकी दी कि यदि उसने इसके बारे में किसी को बताया तो वह उसका वीडियो वायरल कर देगा. साथ ही आरोपी पीड़िता के भाई को मारने की धमकी दिया करता था.



महिला ने आरोप लगाया कि स्कूल की दो टीचरों ने भी आरोपी की मदद की. दो साल के दौरान पीड़िता पांच बार गर्भवती हुई और हर बार इन टीचरों ने ही गर्भपात के लिए उसे कुछ गोलियां दी थीं. वहीं पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने स्कूल के अलावा गेस्ट हाउस में भी ले जाकर उसके साथ बलात्कार किया.

युवती ने बताया कि इस साल 14 मई को उसने अपना इस्तीफा दे दिया था. लेकिन उसे उसका वेतन नहीं मिला था. 30 जून को जब वह अपना वेतन लेने के लिए फिर स्कूल गई तो उसके साथ आरोपी ने मारपीट की. आरोपी ने उसे वीडियो वायरल करने की धमकी दी. जिसके बाद वह किसी तरह से बच कर वहां से निकली.

## कांग्रेस-जेडीएस के 11 विधायक इस्तीफा देने पहुंचे

**» गंभीर संकट में घिरी एचडी कुमारस्वामी सरकार,**

**बेंगलुरु (आरएनएस)।** कर्नाटक में फिर सियासी नाटक शुरू हो गया है। इस बार जेडीएस-कांग्रेस गठबंधन सरकार पर सकंट गहरा गया है। गठबंधन के 11 विधायक इस्तीफा देने के लिए विधानसभा पहुंचे। इन 11 विधायकों में 8 कांग्रेस और 3 विधायक जेडीएस के हैं। इन विधायकों के नाम महेश कुम्थली, बी सी पाटिल, रमेश जर्कीहोली, शिवराम हेब्बर, प्रताप गौड़ा, सोमाशेखर, मुनिरत्ना, बिराथी बसवराज, रामालिंगा रेड्डी, एच विश्वनाथ, नारायण गौड़ा, गोपालिया हैं। पिछले साल हुए कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 70 और जेडीएस ने 35 सीटों पर जीत हासिल करके सरकार बनाई थी, जबकि बीजेपी ने 104 सीटें जीती थी। 224 सदस्यों वाली कर्नाटक विधानसभा में बहुमत के लिए 113 विधायकों का समर्थन होना जरूरी है। अभी कांग्रेस-जेडीएस के कुल 116 और बीजेपी के 104 सदस्य हैं। गठबंधन सरकार को बीएसपी के एक विधायक का समर्थन भी हासिल है।

## पीएम मोदी ने शुरू किया भाजपा का राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान

**वाराणसी (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान का आगाज किया। उन्होंने टोल फ्री नम्बर से शुरू इस सदस्यता अभियान के दौरान पांच सदस्यों को प्रमाण पत्र भी सौंपा। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पांच ट्रिलियन इकॉनमी को देश कैसे पा सकता है, इसकी दिशा हमने तय कर दी है। मोदी ने कहा, हमारी सरकार का कल बजट जारी किया गया। बजट के बाद सभी को हमारी मंशा स्पष्ट हो गई होगी। हमारा देश तो पहले भी चला और आगे भी बढ़ा, लेकिन अब न्यू इंडिया दौड़ने को बेताब है।



इसी को लेकर हमारी तैयारी है। पांच ट्रिलियन इकॉनमी को देश कैसे पा सकता है इसकी दिशा हमने दिखाई है। उन्होंने कहा, आखिर फाइव ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी के लक्ष्य का मतलब क्या है, एक आम भारतीय की जिंदगी का इससे क्या लेना-देना है। यह आपके लिए, सबके लिए जानना बहुत जरूरी है। अंग्रेजी में एक कहावत होती है कि साइज ऑफ केक मैटर्स यानि जितना बड़ा केक होगा उसका उतना ही बड़ा हिस्सा लोगों को मिलेगा।

## सपना चौधरी की राजनीतिक पारी शुरू

**» बीजेपी में हुईं शामिल**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली बीजेपी के सदस्यता अभियान में रविवार को मशहूर डांसर सपना चौधरी पहली सदस्यता हासिल किया. जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में दिल्ली बीजेपी के सदस्यता अभियान कार्यक्रम में शिवराज सिंह चौहान, बीजेपी महासचिव रामलाल और मनोज तिवारी की मौजूदगी में सपना चौधरी बीजेपी में शामिल हुई. बता दें कि बीजेपी अभी पूरे देश में सदस्यता अभियान चला रही है और लोगों को पार्टी से जोड़ रही है.

वहीं लोकसभा चुनाव से पहले सपना चौधरी की कुछ तस्वीरें प्रियंका गांधी के साथ वायरल हुई थीं. कांग्रेस पार्टी ने सपना चौधरी के पार्टी में शामिल होने की खुद पुष्टि की थी. हालांकि सपना चौधरी ने इससे इनकार कर दिया था.



सपना चौधरी ने कहा था कि वे कलाकार हैं इसलिए चुनाव लड़ने की कोई मंशा नहीं है. प्रियंका गांधी के साथ फोटो पर सपना ने कहा था कि मैं प्रियंका से मिली थी लेकिन वो तस्वीर पुरानी हैं. सपना चौधरी ने यह भी कहा था कि वे मनोज तिवारी के संपर्क में हैं.

## केजरीवाल और सिसोदिया के खिलाफ आरोप तय

**» धारा 144 उल्लंघन मामला**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** वर्ष 2014 में एक आंदोलन के दौरान राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में धारा 144 के उल्लंघन करने और लोक सेवकों के काम को बाधित करने के मामले में दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और आम आदमी पार्टी के विधायक सोमनाथ भारती पर आरोप तय कर दिए हैं. एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट समर विशाल ने कहा कि इस मामले में इन नेताओं के शामिल होने के पर्याप्त सबूत मौजूद हैं.

अदालत ने इन नेताओं के बचाव में पेश की गई दलीलों को ठुकरा दिया. सांसद संजय सिंह और आप के पूर्व नेता आशुतोष को अदालत ने यह कहते हुए आरोपों से बरी कर दिया कि उनके खिलाफ सबूत नहीं हैं. इस मामले में विधानसभा उपाध्यक्ष राखी बिड़ला पर अभी आरोप तय नहीं किए गए हैं क्योंकि वे शुक्रवार को अदालत में पेश नहीं हो पाई थीं. अदालत ने उन्हें 8 जुलाई को पेश होने का निर्देश दिया है, उसी दिन उन पर आरोप तय किए जाएंगे.



अदालत ने बिना अनुमति सभा से संबंधित आईपीसी की धारा 143 और 145, लोक सेवक के आदेश को नहीं मानने के लिए धारा 188, दंगा करने की धारा 147, सार्वजनिक कार्यों के निर्वहन में बाधा डालने के लिए धारा 186 और अपने कर्तव्य के निर्वहन से लोक सेवक को रोकने के लिए किया गया हमला और लोकसेवक को चोट पहुंचाने के लिए धारा 353 और 332 के तहत आरोप तय किए गए हैं.

अरविंद केजरीवाल और पार्टी के अन्य नेताओं ने सैकड़ों समर्थकों के साथ 19 जनवरी 2014 को दक्षिण दिल्ली में एक कथित ड्रग और वेश्यावृत्ति रैकेट पर छापा मारने से इनकार करने वाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए रेल भवन के बाहर धरना दिया था. पुलिस ने चार्जशीट में दावा किया है कि 19 जनवरी 2014 को सहायक पुलिस आयुक्त ने रेल भवन और संसद मार्ग के पास नॉर्थ ब्लॉक, साउथ ब्लॉक, विजय चौक इलाकों में निषेधाज्ञा लागू की थी, जिसके खिलाफ जाकर उन्होंने यह विरोध प्रदर्शन और सभा की.

पुलिस ने इस मामले में 6 लोगों के खिलाफ सीआरपीसी की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने और सरकारी कर्मचारियों को उनके कर्तव्य के निर्वहन में बाधा पहुंचाने के आरोप में आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दायर की थी. चार्जशीट में उल्लेख किया गया है कि पुलिस अधिकारियों ने रेल भवन पर आप नेताओं और कार्यकर्ताओं को बैरिकेड्स लगाकर रोकने की कोशिश की तो आप नेताओं ने अपने समर्थकों को उकसाया और उन्होंने पुलिसकर्मियों के साथ हाथापाई की थी.

## महत्वपूर्ण एवं खास

### शराब के लिए पैसै देने मना करने पर मां की चाकू गोद कर हत्या

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** राजधानी में अपराध थमने का नाम नहीं ले रह हैं. अब मॉडल टाउन में एक वृद्धा की हत्या उसी के बेटे ने कर दी. पुलिस के अनुसार अपराध करने के दौरान आरोपी शराब के नशे में था और खुद की ही मां से विवाद होने के बाद उसने चाकू से विवाद होने के बाद उसे चाकू से गोद दिया. जिसके बाद महिला ने मौके पर ही दम तोड़ दिया. बाद में आरोपी ने पुलिस थाने में जाकर आत्मसमर्पण कर दिया. आरोपी ने बताया कि वह लंबे समय से शराब का आदी है. शनिवार को भी उसने शराब पीने के लिए अपनी मां से रुपये की मांग की थी. मां ने जब मना किया तो पहले उसने झगड़ा किया लेकिन जब महिला ने उसको रुपये देने से बिल्कुल मना कर दिया तो उसने उसे चाकू से गोद दिया. पुलिस ने बताया कि जिस समय आरोपी ने सरेंडर किया वह उस समय भी काफी नशे में था. साथ ही उसने खुद इस बात को स्वीकार कि उसने नशे की हालत में ही मां की हत्या की है, उसका ऐसा करने का कोई इरादा नहीं था.

### मंदिर में तोड़फोड़ के मामले में एक गिरफ्तार, चार किशोर पकड़े गए

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के चावड़ी बाजार इलाके में मंदिर में तोड़फोड़ के मामले में दिल्ली पुलिस ने शनिवार को एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया और चार किशोरों को हिरासत में लिया । अधिकारियों ने बताया कि मंदिर में तोड़फोड़ की घटना में सांप्रदायिक तनाव फैल गया था । पुलिस ने बताया कि इसके साथ ही इस मामले में अबतक कुल सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है जबकि आठ किशोरों को हिरासत में लिया गया है । उन्होंने बताया कि इस मामले में और गिरफ्तारी हो सकती है क्योंकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है । उल्लेखनीय है कि पार्किंग को लेकर हुए झगड़े में 30 जून की रात भीड़ ने क्षेत्र के हौज काजी इलाके में स्थित एक मंदिर में जमकर तोड़फोड़ की थी ।

### फ्लोरिडा के शॉपिंग प्लाजा में विस्फोट, करीब 21 लोग घायल

**प्लान्टेशन (फ्लोरिडा)।** दक्षिण फ्लोरिडा के शॉपिंग प्लाजा में शनिवार को एक खाली पिज्जा रेस्तरां में भीषण विस्फोट के कारण 20 से अधिक लोग घायल हो गए। विस्फोट इतना विशाल था कि कंक्रीट के टुकड़े काफी दूर जाकर गिरे। रेस्तरां पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है और पास के व्यवसायिक संस्थान और कारें भी क्षतिग्रस्त हुई हैं। अधिकारियों ने बताया कि दमकल कर्मियों को गैस की टूटी लाइनें दिखी हैं लेकिन विस्फोट के कारण के बारे में अभी बताना जल्दबाजी होगी।एक प्रत्यक्षदर्शी एलेक्स कार्वर ने बताया कि विस्फोट से कंक्रीट के बड़े-बड़े टुकड़े 45 मीटर दूर तक जाकर गिरे और सड़क पर 100 गज दूरी तक धातु के टुकड़े बिखरे पड़े हैं। पुलिस सार्जेंट जेसिका रेयान ने बताया कि कम से कम 21 लोग घायल हुए है, हालांकि किसी की जान को खतरा नहीं है।

### कार विस्फोट में तीन लोगों की मौत, 72 घायल

**काबुल ।** मध्य अफगानिस्तान में हुए कार विस्फोट में तीन लोगों की जान चली गई और अन्य 72 लोग घायल हुए हैं। घायलों में कई छात्र हैं जो नजदीक ही एक स्कूल में पढ़ने आए थे। प्रांतीय परिषद के सदस्य हसन रजा यूसफी ने बताया कि रविवार को हुए आत्मघाती हमले का निशाना गजनी स्थित खुफिया इकाई का परिसर था। तालिबान के प्रवक्ता जबिहुल्ला मुजाहिद ने हमले में कई खुफिया एजेंटों के मारे जाने का दावा किया है। अधिकारियों ने किसी भी सरकारी अधिकारी की मौत की पुष्टि नहीं की है।